07/04/2026

आकाशवाणी ईटानगर

सरकार ने आज कहा है कि पूरे देश में पेट्रोल, डीज़ल, LPG और PNG की सप्लाई सामान्य बनी हुई है। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर हुई अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव, सुजाता शर्मा ने कहा कि किसी भी LPG डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर स्टॉक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं और वहाँ पेट्रोल तथा डीज़ल की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी भी तरह की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं आई है।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित अरुणाचल प्रदेश इंजीनियरिंग सर्विसेज परीक्षा (APESE) 2026 के सफल अभ्यर्थियों को ईटानगर स्थित दोरजी खांडू कनवेंशन सेंटर में सम्मानित करते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपे। नवनियुक्त इंजीनियर्स को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से ईमानदारी, पेशेवर और जनसेवा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने परियोजनाओं के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन, समय पर पूरा एवं विभागों के बीच बेहतर समन्वय के महत्व को भी रेखांकित किया।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कल सर्वोच न्यायालय द्वारा सरकारी ठेकों के आवंटन में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) को दिए गए आदेश का स्वागत किया। उन्होंने जांच में पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया हैं। श्री खांडू ने कहा कि उनकी सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है और निष्पक्ष तथा स्वतंत्र जांच के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में मोटर स्पिरिट (MS), हाई-स्पीड डीज़ल (HSD) और तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (LPG) की उपलब्धता और आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा के लिए राज्य स्तरीय बैठक राजधानी ईटानगर में आयोजित की गई। जिसमें खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गैब्रियल डी. वांग्सु ने समान वितरण पर जोर देते हुए सभी संबंधित पक्षों को स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली आपूर्ति समस्याओं के समाधान के लिए आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने काला बाजारी में संलिप्त व्यक्तियों या एजेंसियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने LPG, MS और HSD की उपलब्धता बनाए रखने तथा किसी भी व्यवधान का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

00000000000000000000000

शिक्षा राज्य मंत्री पासांग दोरजी सोना ने रविवार को लोअर सियांग जिले के गेंसी ब्लॉक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के अंतर्गत विभिन्न आधारभूत संरचना परियोजनाओं का उद्‍घाटन किया। इनमें गारु-गेंसी मार्ग **(Garu-Abu, Bomte-Abu, Aneko and Cheme नदियों)** पर RCC पुल, **Gensi-Litemori** मार्ग (Nina-Abu नदी पर पुल) तथा **Ditten** से **Siberite** मार्ग (चोपो नदी पर पुल) शामिल हैं। इसके बाद उन्होंने गेंसी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्‍यालय में स्वर्ण जयंती मॉडल स्कूल भवन का भी उद्‍घाटन किया।

00000000000000000000000

विंट्‍नर ओतर तायेङ ने हाल ही में नई दिल्ली के सुंदर नर्सरी में आयोजित **'भारत ट्राइब्स फेस्टिवल 2026'** में **'नेचुरल्स'** श्रेणी में अपनी पारंपरिक बोतल-बंद चावल से बनी वाइन **'पोरो आपोङ'** के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया हैं।

00000000000000000000000

सुश्री लिपिन एते ने टेक्सस के फोर्ट वर्थ कन्वेंशन सेंटर में आयोजित USA ओपन 2026 कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किया। वह पूर्वोत्तर भारत की पहली कराटे एथलीत हैं जिन्होंने USA ओपन में भाग लेकर पदक हासिल किया।

0000000000000000000000

तिराप जिले में दो अलग-अलग अभियानों में गत एक से पांच तारीख के दौरान कर्नाटक की 12 सदस्यीय विशेषज्ञ टीम द्वारा दो हिंसक (रोग) हाथियों को पकड़ लिया गया है। यह अभियान राज्य के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA), नई दिल्ली तथा भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून के सहयोग से संचालित किया गया था।

0000000000000000000000

'फ्रीडम ट्रेल' पदयात्रा का दूसरा संस्करण रविवार को **पुंगतेंग-त्से** में संपन्न हुआ। यह आयोजन 14वें दलाई लामा के उन्नीस सौ उनसठ में भारत में प्रथम प्रवेश की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्मृति में किया गया, जब वे शरण लेने के लिए पांच अप्रैल उन्नीस सौ उनसठ को तवांग पहुंचे थे। छः दिवसीय यह यात्रा केंजामानी से शुरू हुई थी और इसका नेतृत्व लुंगला विधायक त्सेरिंग ल्हामू ने किया।

0000000000000000000000

स्पीयरहेड डिवीजन स्पीयरकौर द्‌वारा कल सिगार में एक सम्मान समारोह आयोजित किया, जिसमें हाल ही में ईस्ट सियांग जिले के सिगार और आसपास के क्षेत्रों के जंगल में लगी आग से निपटने में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नागरिक प्रशासन, राज्य पुलिस, अग्निशमन एवं आपात सेवाओं, SDRF कर्मियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय ग्रामीणों को सम्मानित किया गया।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश युनिवर्सिटी - APU के जनजातीय अध्ययन विभाग द्‌वारा गालो समुदाय के बीच आयोजित दो सप्ताह का फील्डवर्क और सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम रविवार को लोअर सियांग जिले के कोयू सर्कल के तहत कादु और रोत्ते गांव में समापन हुआ।

0000000000000000000000